Serial No & Date of issue :- ----------------------------------- **Envelope "B"**

# कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी (म.प्र.)

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–अटारी जोन–9, जबलपुर

**Website : kvkshivpuri.org** **Email-kvk.shivpuri@rvskvv.net**




# समय–समय पर वाहन किराये से प्रदान करने हेतु निविदा 2025–26–27

पृष्ठ क्रं. 01 से 09 तक
निविदा मूल्य रु. 100/– (नॉन रिफण्डेबल)

# निविदा प्रपत्र एवं शर्ते

1. **कार्य का नाम :–**

निविदा का कार्य कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों, प्रशिक्षणों एवं भ्रमण इत्यादि अवसरों पर **"वाहन किराए से प्रदान करने"** संबंधी कार्य करना है। एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम राशि रु. 1.00 लाख का कार्य कराया जाना संभावित है।

निविदा निरस्त अथवा अस्वीकृत होने पर निविदा प्रपत्र की मूल्य राशि रु. 100/– (रु. एक सौ मात्र) वापिसी योग्य नहीं है।

2. **निविदा की समयावधि :–**

निविदा एक वर्ष के लिए मान्य होगी। निविदा काल स्वीकृत दिनांक से आगामी एक वर्ष के लिए रहेगा। कार्य संतोषजनक पाए जाने कार्यालयीन क्रय–विक्रय समिति की अनुशंसा पर इस अवधि को आगामी एक वर्ष के लिए निविदा में स्वीकृत दरों के साथ निरंतर रखा जा सकेगा। किसी भी समय कार्य असंतोषजनक पाए जाने पर, एक माह का नोटिस देकर कार्य समाप्त किया जा सकेगा। निविदा की अवधि, कुल दो वर्ष से अधिक नहीं की जा सकेगी।

3. **निविदा धरोहर राशि :–**

निविदादाता को निविदा के साथ न्यूनतम अग्रिम धरोहर राशि (Earnest Money Deposit) रु. 3000/– (रु. तीन हजार मात्र) की एफ.डी. जो फर्म एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, शिवपुरी संयुक्त नामे एवं शिवपुरी में भुगतरित जमा करना होगी अथवा राशि रु. 3000/– कार्यालय में नगदी जमा कर मनी रिसिप्ट निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। नगद राशि जमा करने पर, निविदादाता फर्म को किसी प्रकार का ब्याज प्रदाय नहीं किया जाएगा। अग्रिम धरोहर राशि संलग्न अथवा प्राप्त न होने पर निविदा अमान्य हो जाएगी। जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व निविदादाता फर्म का होगा।

असफल निविदादाताओं की निविदा धरोहर राशि, आवेदन देने पर यथासमय कार्यालयीन प्रक्रियानुसार वापिस की जाएगी।

सफल निविदाकार की धरोहर राशि कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी में निविदा अवधि पूर्ण होने तक जमा रहेगी, निविदा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण होने एवं कोई भी अदाएगी शेष न रहने पर वापिस की जाएगी।

जिन निविदादाताओं की रु. 3000/– की अग्रिम धरोहर राशि (Earnest Money Deposit) पूर्व से ही कार्यालय में जमा है, उन्हें नवीन अग्रिम धरोहर राशि जमा नहीं करनी होगी।

4. **निविदा का प्रारुप एवं प्रस्तुति विधि :–**

निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र को अच्छी तरह से पढ़ने के उपरांत स्पष्ट शब्दों में स्याही या टाईप से भरा जाना आवष्यक होगा। प्रत्येक पृष्ठ एवं प्रस्तुत अभिलेख पर निविदादाता के हस्ताक्षर एवं फर्म की सील लगानी होगी। निविदा प्रपत्र में कोई सुधार (Correction/Overwritting) मान्य नही किया जाएगा। यदि सुधार करना आवश्यक हो तो स्पष्ट रुप से पुनः लिखकर अपने हस्ताक्षर से प्रमाणित करना होगा।

4.1 निविदा फार्म तीन हिस्सों में प्रस्तुत किया जाना है, तीनों हिस्से अलग अलग सीलबंद तीन लिफाफों के साथ एक बढ़े लिफाफे में रखकर उसके ऊपर **''समय–समय पर वाहन किराए से प्रदान करने हेतु निविदा वर्ष 2025–26–27''** लिखकर जमा किया जाना होगा।

4.2 प्रथम लिफाफे के ऊपर कार्य का नाम एवं अग्रिम धरोहर राशि (Earnest Money Deposit) लिखकर उसके अंदर सिर्फ कार्य की अग्रिम धरोहर राशि (Earnest Money Deposit) की एफ.डी. अथवा मनी रिसिप्ट रखें। एफ.डी. के पीछे फर्म का नाम, निविदा का नाम अवश्य लिखें। इस लिफाफे को "A" नाम देवें।

4.3 द्वितीय लिफाफे के ऊपर कार्य का नाम एवं तकनीकि निविदा लिखकर उसके अंदर प्राप्त निविदा फार्म की मूल प्रति एवं आवश्यक संलग्नक अपने हस्ताक्षर एवं सील लगाकर रखें। इस लिफाफे को "B" नाम देवें।

4.4 तृतीय लिफाफे के ऊपर कार्य का नाम एवं वित्तीय निविदा लिखकर उसके अंदर कार्य निविदा दर निर्धारित परिशिष्ट में भरकर अपने हस्ताक्षर एवं सील लगाकर सील बंद लिफाफे में रखें। इस लिफाफे को "C" नाम देवें।

4.5 प्रत्येक लिफाफे पर निविदादाता के हस्ताक्षर व फर्म की सील अवश्य लगाना चाहिए।

## 5. निविदा प्रपत्र का विक्रय :–

निविदा प्रपत्र, कार्यालय कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी के कार्यालयीन दिवस एवं समय (प्रातः 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक) में लेखा शाखा से दिनांक 22/09/25 तक प्राप्त किए जा सकेंगे साथ ही हमारी बेवसाईट **www.kvkshivpuri.org** से निविदा शुल्क जमा कर, निविदा डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। किन्तु डाउनलोड निविदा जमा करते समय निविदा शुल्क जमा की मूल प्रति आवश्यक रुप से, जमा करानी होगी अन्यथा आपकी निविदा अमान्य व स्वतः निरस्त हो जाएगी।

आपके द्वारा कार्यालयीन समय में केन्द्र पर आकर निविदा के संबंध में विस्तृत जामनकारी एकत्रित की जा सकती है।

## 6. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :–

निर्धारित प्रपत्र मोहर बंद लिफाफे में जिसके ऊपर ऊपर **''समय–समय पर वाहन किराए से प्रदान करने हेतु निविदा वर्ष 2025–26–27''** अंकित कर वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी कार्यालय में दिनांक 24/09/25 को दोपहर 01:00 बजे तक जमा की जा सकती है। निर्धारित समयावधि पश्चात कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। डाक विलंब हेतु कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा। विशेष परिस्थितियों में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी द्वारा अंतिम तिथि बढ़ाए जाने का निर्णय लिया जा सकता है। निविदाकार फर्म को, निविदा प्रपत्र में प्रत्येक पृष्ठ एवं संलग्नक पर हस्ताक्षर एवं सील अंकित होना चाहिए तथा निविदा स्पष्ट होना चाहिए, कांट–छांट नहीं होना चाहिए। अपूर्ण निविदा अस्वीकृत की जावेगी। जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित फर्म का होगा। निविदा के साथ संलग्न किए जाने वाले संलग्नक, स्वयं के द्वारा सत्यापित एवं सील लगाना अनिवार्य होगा।

**7. निविदा खोलने की तिथि :–**

दिनांक 24/09/25 को दोपहर 2:00 बजे कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी के बैठक कक्ष में निविदा खोलने हेतु गठित क्रय समिति के सदस्यों, निविदादाता अथवा निविदादाता फर्म के प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष निविदाएँ खोली जाएगी। संपूर्ण कार्यवाही पंजी में इन्द्राज की जाएगी, जिस पर सभी उपस्थित सदस्यों एवं प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर लिए जाएगें। विशेष परिस्थितियों में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी द्वारा निविदा खोलने की तिथि बढ़ाए जाने का निर्णय लिया जा सकता है।

निविदाओं के अंदर प्राप्त होने वाले तीनों लिफाफें क्रमशः उसी दिन खोले जाएंगे। जिन निविदाताओं की ई.एम.डी. प्राप्त होगीं, उनकी ही तकनीकि निविदाएँ खोली जाएंगी। जो निविदादाता तकनीकि निविदा में योग्यता रखते होगें उनकी ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। जिन निविदादाताओं की निविदाएँ अपूर्ण एवं अस्पष्ट होगी, वह क्रय विक्रय समिति द्वारा अमान्य की जाएगी। निविदा में किसी भी स्तर पर कमी रह जाने पर निविदा अमान्य होने का संपूर्ण उत्तरदायित्व निविदादाता फर्म का होगा।

8. **निविदा का परीक्षण :–**

समिति के सदस्यों द्वारा सभी निविदाओं का सूक्ष्म परीक्षण किया जाएगा विज्ञप्त निविदा **''समय–समय पर वाहन किराए से प्रदान करने हेतु निविदा वर्ष 2025–26–27''** त्रिस्तरीय होगी। जिसमें प्रथमतः जिन निविदादाताओं की धरोहर राशि प्राप्त होगी, उन्हीं की तकनीकि निविदाएँ खोली जाएंगी एवं जो तकनीकि निविदा में सफल हुए होंगे, उन्हीं निविदादाताओं की वित्तीय निविदाएँ खोली जाएगी। चाहे गए सभी अभिलेखों के विश्लेषण के आधार पर तुलनात्मक पत्रक तैयार किया जाएगा। जिस निविदादाता फर्म द्वारा चाहे गए प्रारुप में किराए की दर न्यूनतम दी जाएगी, उसे ही **''समय–समय पर वाहन किराए से प्रदान करने हेतु निविदा वर्ष 2025–26–27''** हेतु चयनित किया जाएगा।

9. **निविदा का चयन :–**

जिस निविदादाता फर्म द्वारा चाहे गए प्रारुप में किराए की दर न्यूनतम दी जाएगी, उसे ही **''समय–समय पर वाहन किराए से प्रदान करने हेतु निविदा वर्ष 2025–26–27''** का कार्य, प्रदान किया जाएगा।

वित्तीय तुलनात्मक पत्रक में न्यूनतम तीन निविदाएँ होना आवश्यक है, उससे कम होने पर निविदा स्वेमव निरस्त हो जाएगी तथा निविदा का द्वितीय प्रकाशन किया जाएगा। यदि एक से अधिक निविदादाता की दरें बराबर होंगी तो उस स्थिति में निविदादाता के कार्यानुभव की अधिकता को वरीयता दी जावेगी। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी को अधिकार होगा कि एक या अधिक दरों को या न्यूनतम/अधिकतम दर वाली फर्म को यदि वह उचित समझता है तो बिना किसी कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत कर सकेगा तथा इस संबंध में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

10. **निविदा स्वीकृति आदेश :–**

विज्ञप्त निविदा के सूक्ष्म परीक्षण एवं क्रय–विक्रय समिति की अनुशंसा के अनुक्रम में निविदा स्वीकृत आदेश/न्यूनतम दर पत्रक जारी किया जाएगा, तत्पश्चात समय–समय पर कार्यक्रमानुसार श्रमिक/मशीन कार्य करने के लिए कार्यादेश जारी किए जाएंगे, जिनके अनुक्रम में फर्म को तय समय पर कार्य पूर्ण करना होगा।

11 **''समय–समय पर वाहन किराए से प्रदान करने हेतु निविदा वर्ष 2025–26–27''** निविदा की शर्ते :–

11.1 सफल निविदादाता को **''समय–समय पर वाहन किराए से प्रदान करने निविदा वर्ष 2025–26–27''** एक वर्ष के लिए कार्यादेश जारी किया जाएगा।

11.2 कार्य संतोषजनक पाए जाने पर क्रय समिति की अनुशंसा पर निविदा आगामी एक वर्ष के लिए, न्यूनतम स्वीकृत दरों के साथ बढ़ाई जा सकेगी।

11.3 आपके द्वारा संपादित **वाहन किराए से प्रदान करने संबंधी कार्य** की गुणवत्ता, उच्च एवं मानक स्तर की होनी चाहिए। कार्यालय द्वारा प्रत्येक खराब संपादित कार्य की राशि का कटौत्रा एवं फर्म पर न्यूनतम राशि रु. 100/– एवं अधिकतम राशि रु. 1000/–तक का अर्थदण्ड लगाया जा सकता है। जिसे फर्म को जमा कराना अनिवार्य होगा। अन्यथा फर्म की निविदा निरस्त करते हुए, अग्रिम धरोहर राशि राजसात करते हुए द्वितीय निविदाकार को निविदा प्रदान की जाएगी। जिसका संपूर्ण उत्तर दायित्व प्रथम निविदादाता फर्म का होगा।

11.4 आपको, कार्यालय द्वारा दिए गए आदेशानुसार **समय–समय पर वाहन किराए से उपलब्ध कराना** अनिवार्य होगा। आपके कार्य का भुगतान, देयक कार्यालय में प्रस्तुत करने के सात कार्यदिवस में कार्यालयीन प्रक्रियानुसार स्वीकृत दर अनुसार किया जाएगा।

11.5 निविदादाता फर्म स्वयं अथवा अन्य किसी भी कारण से निविदा कार्य करने में असफल होता है या स्वयं कार्य छोड़ता है। तो नियमानुसार जमा अग्रिम धरोहर राशि राजसात की जावेगी, जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित फर्म का होगा एवं ऐसी स्थिति में द्वितीय निविदादाता फर्म को कार्यादश जारी करते हुए प्रथम निविदाकार का अधिकार समाप्त किया जाएगा।

11.6 निविदाकार फर्म को **''वाहन किराए से प्रदान करने संबंधी कार्य''** हेतु निर्धारित नियमों/मानको का पालन करना अनिवार्य होगा। कार्यालय द्वारा किए जाने वाले निरीक्षण में पाई गई कमियों/अनियमितताओं पर लगाए गए अर्थदण्ड इत्यादि का संपूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

11.7 निविदादाता फर्म की दर, कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी के लिए F.O.R. पर मान्य रहेगी।

11.8 किसी भी व्यक्ति या फर्म के पक्ष में निविदा स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने अथवा बीच में ही बिना किसी कारण बताए निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी का होगा।

11.9 निविदाकार फर्म को, शासकीय कार्यालय द्वारा ब्लेक लिस्टेड न होने तथा किसी भी कार्यालय अथवा न्यायालय अथवा थाने में **''वाहन किराए से प्रदान करने संबंधी अमानक कार्य''** संबंधी प्रकरण विचाराधीन न होने संबंधी एवं निविदा प्रपत्र में भरी जानकारी तथा संलग्नकों के सत्य होने संबंधी स्व–घोषणा पत्र जमा कराना अनिवार्य होगा। (स्व–घोषणा पत्र का प्रारुप संलग्न है)

11.10 निविदाकार फर्म, निविदा संचालन हेतु बाल श्रमिकों को नियुक्त नहीं करेगा। तथा निविदाकार फर्म द्वारा कर्मचारियों की नियुक्ति समस्त शासकीय विभागों जैसे– श्रम विभाग इत्यादि के मापदण्डों का पालन किया जाना होगा।

11.11 निविदाकार फर्म से किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

11.12 निविदाकार फर्म के द्वारा प्रस्तुत देयकों का भुगतान, देयक सत्यापन पश्चात सात कार्य दिवस में किया जाएगा। अपरिहार्य कारणों से विलंब होने पर, फर्म ब्याज की हकदार नहीं होगी।

11.13 निविदाकार फर्म को नियमानुसार जी.एस.टी. का भुगतान किया जाएगा एवं आयकर अधिनियमों के अंतर्गत आयकर कटौत्रा कर फर्म के पेनकार्ड पर जमा किया जाएगा तथा वर्ष के अंत में आयकर कटौत्रा संबंधी प्रपत्र 16A दिया जाएगा।

11.14 निविदादाता को **''समय–समय पर वाहन किराए से प्रदान करने निविदा वर्ष 2025–26–27''** का कार्य, स्वयं करना होगा। वह किसी अन्य व्यक्ति अथवा संस्था को हस्तांरित नहीं कर सकेगा।

11.15 निविदादाता फर्म द्वारा दी गई जानकारी असत्य, संलग्नक फर्जी पाए जाने पर निविदा निरस्त करते हुए, जमा धरोहर राशि राजसात करते हुए, वैधानिक कानूनी कार्यवाही की जाएगी। जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व निविदादाता फर्म का होगा।

11.16 निविदादाता अपनी किसी भी प्रकार की हानि के लिए स्वयं ही जबावदार होगा।

11.17 **''वाहन किराए से प्रदान करने संबंधी कार्य''** करते समय किसी भी दुर्घटना होने पर दुर्घटना संबंधी व्यक्ति के बीमा अथवा उसके स्वास्थ्य की संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

11.18 **''वाहन किराए से प्रदान करने संबंधी कार्य''** करने के लिए उपयोग में लाए जाने वाले वाहनों हेतु शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन आपके द्वारा अनिवार्य रुप से किया जाएगा।

11.19 ऊपर दी गई शर्तो के अलावा फर्म द्वारा दी गई शर्त मान्य नहीं होगी। किसी भी न्यायालीन कार्यवाही के लिए कार्यक्षेत्र शिवपुरी होगा।

11.20 वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी को ऊपर दी गई शर्तो में कमी अथवा वृद्धि अथवा संषोधन करने का पूर्ण अधिकार है/रहेगा।

11.21 इस संबंध में किसी भी प्रकार के आदेश के विरुद्ध अपील करने का अधिकार, निदेशक विस्तार सेवाऍ, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि. ग्वालियर को होगा तथा उनका निर्णय अंतिम व बंधनकारी होगा।

12. **निविदा हेतु आवश्यक संलग्नकों की सूची :–**

उपरोक्त निविदा प्रपत्र, जिसके प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता फर्म के प्रोपराईटर अथवा प्रतिनिधि के हस्ताक्षर एवं सील हो निम्न संलग्नकों के साथ एक सील बंद लिफाफें में जिसके **''समय–समय पर वाहन किराए से प्रदान करने निविदा वर्ष 2025–26–27''** की तकनीकि निविदा **Envelope- "B"** लिखकर, रखें :–

**निविदादाता फर्म द्वारा प्रस्तुत विवरण :–**

1. फर्म का नाम :– ..........................................................................................................
2. फर्म के प्रोपराईटर का नाम :– ....................................................................................
3. फर्म के प्रोपराईटर का मो. नं. :– ...............................................................................
4. फर्म का पूर्ण पता :– ...................................................................................................
5. फर्म का दूरभाष / फैक्स व ई–मेल नं :– .......................................................................

| क्रमांक | विवरण | संलग्न है अथवा नहीं |
|---|---|---|
| 1 | शासन द्वारा जारी वाहन किराए से लगाने संबंधी लायसेंस की छायाप्रति | |
| 2 | फर्म / प्रोपराईटर के आधार कार्ड की छायाप्रति | |
| 3 | फर्म / प्रोपराईटर के आयकर नंबर की छायाप्रति | |
| 4 | फर्म / प्रोपराईटर का जी.एस.टी. नंबर की छायाप्रति | |
| 5 | गत वित्तीय वर्ष फर्म / प्रोपराईटर का फार्म 16 की छायाप्रति | |
| 6 | फर्म / प्रोपराईटर के बैंक पास बुक की छायाप्रति जिसमें नाम, खाता नं. एवं IFSC code हो | |
| 7 | ब्लैकलिस्टेड न होने संबंधी स्वघोषणा पत्र | |
| 8 | शासकीय कार्यालय में **''वाहन किराए से प्रदान करने संबंधी कार्य''** संबंधी अनुभव है तो अनुभव प्रमाण पत्र अथवा आदेश की छायाप्रतियॉ संलग्न करें। | |
| 9 | अन्य कोई यदि हो तो | |

हस्ताक्षर : ..................................

निविदादाता फर्म की सील : ..................................

# स्व–घोषणा पत्र

मैं. ................................................................................ (निविदादाता का नाम / फर्म का नाम) पता ................................................................................ शपथ पूर्वक सत्य एवं स्व घोषणा करता हूॅ कि मैंने पूर्ण होश एवं ध्यान से निविदा प्रपत्र एवं निविदा प्रपत्र की शर्ते पूर्णतः पढ़ ली है तथा मुझे सभी शर्ते पूर्णतः मंजूर है। तथा मेरे द्वारा दी गई जानकारी / संलग्नक पूर्णतः सत्य है। किसी भी प्रकार की जानकारी असत्य पाऍ जाने पर मेरी निविदा तत्काल निरस्त कर, वैधानिक कार्यवाही करने हेतु सहमति प्रदान करता हूॅ। साथ ही शपथ पूर्वक सत्य घोषणा करता हूॅ कि मेरी फर्म अथवा व्यक्तिगत मुझे, किसी भी शासकीय कार्यालय द्वारा ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया है और न ही मेरी फर्म अथवा मेरे नाम से कृषि विभाग अथवा न्यायालय अथवा थाने में श्रमिक / मशीन कार्य संबंधी कोई प्रकरण पंजीबद्ध / विचाराधीन है।

गवाह हस्ताक्षर

1. पूरा नाम :– ..........................................
   पता :– ..................................................
   ..................................................
2. पूरा नाम :– ..........................................
   पता :– ..................................................
   ..................................................

हस्ताक्षर ..............................

निविदादाता फर्म का नाम ..............................

पता :– ..............................................................

मोबाईल नं. :– ..............................................

**Envelope- “C”**

# <u>वित्तीय निविदा प्रपत्र</u>

प्रति,

श्रीमान वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख,
कृषि विज्ञान केन्द्र, शिवपुरी (म.प्र.)।

विषय :– **''समय–समय पर वाहन किराए से प्रदान करने निविदा वर्ष 2025–26–27''** निविदा दर बावत्।

आपके द्वारा जारी निविदा क्रमांक 386 दिनांक 28/8/25 के संदर्भ में, मैं कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी के लिए **''समय–समय पर वाहन किराए से प्रदान करने निविदा वर्ष 2025–26–27''** हेतु निम्नानुसार न्यूनतम निविदा दर प्रस्तुत करता हूँ तथा मेरे द्वारा निविदा की समस्त शर्ते मान्य है।

| **क्रं.** | **वाहन का नाम** | **विवरण** | **दर (बिना जी. एस.टी.)** |
|---|---|---|---|
| 01 | 12 सीटर वाहन | 300 KM के नीचे प्रतिदिन वाहन किराया दर प्रतिदिन से (AC के साथ ईधन औसत 10 कि.मी. प्रति लीटर एवं Non-AC के साथ ईधन औसत 11 कि.मी. प्रति लीटर रहेगा) | |
| | | 300 KM के ऊपर AC वाहन किराया दर/KM से | |
| | | 300 KM के ऊपर Non-AC वाहन किराया दर/KM से | |
| 02 | 7 सीटर वाहन | 300 KM के नीचे प्रतिदिन वाहन किराया दर प्रतिदिन से (AC के साथ ईधन औसत 10 कि.मी. प्रति लीटर एवं Non-AC के साथ ईधन औसत 11 कि.मी. प्रति लीटर रहेगा) | |
| | | 300 KM के ऊपर AC वाहन किराया दर/KM से | |
| | | 300 KM के ऊपर Non-AC वाहन किराया दर/KM से | |
| 03 | 5 सीटर वाहन | 300 KM के नीचे प्रतिदिन वाहन किराया दर प्रतिदिन से (AC के साथ ईधन औसत 10 कि.मी. प्रति लीटर एवं Non-AC के साथ ईधन औसत 11 कि.मी. प्रति लीटर रहेगा) | |
| | | 300 KM के ऊपर AC वाहन किराया दर/KM से | |
| | | 300 KM के ऊपर Non-AC वाहन किराया दर/KM से | |
| 04 | लोडिंग वाहन दो टन तक | 300 किमी के नीचे प्रतिदिन वाहन किराया दर (ईधन औसल 10 कि.मी. प्रति लीटर ए.सी.) | |
| | | 300 KM के ऊपर AC वाहन किराया दर/KM से | |
| | | 300 KM के ऊपर Non-AC वाहन किराया दर/KM से | |
| 05 | बस 45–50 सीटर | AC वाहन किराया दर/KM से | |
| | | Non-AC वाहन किराया दर/KM से | |
| 06 | रात्रि विश्राम हेतु प्रति रात्रि शुल्क की दर | | |
| 07 | टोल टैक्स | | |
| 08 | देयक पर लगने वाली जी. एस. टी. की दर का प्रतिशत | | |

हस्ताक्षर : ................................

निविदादाता फर्म की सील : ................................

मोबाईल नंबर : ..........................

पता : ....................................................................